राजस्थान सरकार
आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय
योजना भवन तिलक मार्ग,जयपुर

क्रमांकः–एफ–13/1/3/वे.प./वीएस/डीईएस/2013/I/59717/2016 दिनांकः– 10/11/2016

जिला रजिस्ट्रार (जन्म–मृत्यु) एवं
उप/सहायक निदेशक,
आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग,
समस्त

विषयः– वेबपोर्टल 'पहचान' के मोबाइल ऐप के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि विभाग द्वारा राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र (एनआईसी) के माध्यम से जन्म–मृत्यु पंजीयन के वेबपोर्टल 'पहचान' का मोबाइल ऐप तैयार कराकर दिनांक 29.10.2016 से प्रारम्भ कर दिया गया है। **'पहचान मोबाइल ऐप'** को एड्रॉयड मोबाइल पर निम्न लिंक्स के जरिए डाउनलोड किया जा सकता है:–

1. Google play store पर "Pehchan" के नाम से ।
2. वेबपोर्टल 'पहचान' पर दिये गये Google play store से।
3. egovmobileapps.nic.in पर जाकर ।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि आपके जिले, ब्लॉक एवं ग्राम पंचायत स्तर पर जन्म–मृत्यु पंजीयन कार्य से जुडे सभी अधिकारी/कार्मिकों को 'पहचान मोबाइल ऐप' डाउनलोड करने की जानकारी उपलब्ध कराते हुए इसका प्रचार प्रसार अधिक से अधिक लोगो तक करने हेतु निर्देशित करें एवं सभी अधिकारी/कार्मिक 'मोबाइल ऐप' डाउनलोड कर जिले में किये जा रहे जन्म–मृत्यु पंजीयन के कार्य की समय–समय पर जानकारी लेते रहे तथा **'पहचान मोबाइल ऐप'** को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु सुझाव एवं आमजन से प्राप्त फीडबैक भी प्रेषित करें।

भवदीय,

(ओम प्रकाश बैरवा)
मुख्य रजिस्ट्रार (जन्म–मृत्यु) एवं
निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव